बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/13 दिनांक- 29.08.2026**

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026

### सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2026 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling आयोजन के सम्बन्ध में सूचना

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2026/08 एवं 2026/09 दिनांक 25.07.2026 तथा 2026/10 दिनांक 18.08.2026 के क्रम में BCECE-2026 के मेधासूची के आधार पर PCM / PCM of PCMB Group ग्रुप की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम / द्वितीय चक्र की online Counselling के माध्यम से राज्य के विभिन्न अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अंतर्गत B.Tech. (Dairy Technology) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Darbhanga में अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तदनुसार नामांकन के पश्चात् बाकी बचे सीटों पर पर्षद द्वारा आयोजित BCECE-2026 (PCM / PCM of PCMB Group) के मेधासूची के अनुसार मेधा-सह-विकल्प के आधार पर सीट आवंटन एवं नामांकन Online Mop-up Counselling के माध्यम से किया जायेगा। शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

(2) **वैसे अभ्यर्थी जो BCECE-2026 के प्रथम अथवा द्वितीय round online Counselling हेतु किसी कारण से Choice filling नहीं कर पाये थे, वे भी इस online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।** Online Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी "Online Counselling Portal of BCECE(Engg.)-2026" के माध्यम से login कर अधिक से अधिक संख्या में College / Branch का Choice filling करेंगे। Login एवं Choice filling करने से सम्बन्धित प्रक्रिया तथा विस्तृत जानकारी विज्ञापन संख्या- **बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)- 2026/08 दिनांक- 25.07.2026 के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है,** जो पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(3) जो अभ्यर्थी BCECE-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से अभियंत्रण संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं ***अथवा*** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है ***अथवा*** सीट आवंटन उपरांत Document Verification के क्रम में किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है ***अथवा*** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। ऐसे अभ्यर्थी Online Mop-up Counselling में भाग लेना चाहते हैं तो वे सर्वप्रथम पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध **"Online Counselling Portal of BCECE(Engg.)-2026"** link पर Click करेंगे तत्पश्चात् अपने Registration No. एवं Password से अपने Account में login कर Online Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु अपना Consent / Willingness देंगे। यह प्रक्रिया Registration के समय दिये गये Password तथा OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । OTP Authenticate होने के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व से भरे गये सभी Choices "Null & Void" हो जायेंगे। परन्तु यदि अभ्यर्थी प्रथम या द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से नामांकित हैं तो उनका अंतिम रूप से आवंटित सीट का Choice यथावत् रहेगा।

(a) यदि अभ्यर्थी पूर्व की दोनों चक्रों की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में **नामांकित नहीं हैं** एवं उपरोक्त प्रक्रियानुसार उनका पूर्व का भरा गया Choices "Null & Void" हो गया है, अत: उन्हें Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्राथमिकतानुसार पुन: Fresh Choice Filling करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें Mop-up Counselling की सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(b) यदि अभ्यर्थी प्रथम या द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में **नामांकित हैं** तो उनका उक्त नामांकित सीट का Choice को छोड़ कर शेष सभी Choices "Null & Void" हो जायेगा जिसके कारण Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु उन्हें अधिक से अधिक संख्या में प्राथमिकतानुसार पुन: Fresh Choice Filling करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका पूर्व का ही नामांकित सीट यथावत रह जायेगा।

(4) **वैसे नामांकित अभ्यर्थी जो इस Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Willingness देते हैं, उनका सीट पुनर्आवंटन के क्रम में Vacancy उत्पन्न हो सकता है,** जिस कारण संस्थान में रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती है। **अत: अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि वे इस Virtual Vacancy को ध्यान में रखते हुए अपना प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Choice भरें।**

(5) **अभ्यर्थी Choices भरने के क्रम में अपने प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Colleges एवं Branch का चयन करें।** Choice भरने के उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने Choice को Edit कर सकते हैं । दिये गये Schedule के अनुसार अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices से संतुष्ट हैं तो अपने choice को Lock कर दें । Choice locking उपरांत अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices में अगर किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो वे "Unlock Choices" बटन पर click करें तथा अपने Registered Mobile no. तथा email पर प्राप्त OTP को Authenticate / Verify कर choices में बदलाव निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। तदुपरांत अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये choices को पुन: lock कर दें। अगर अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना Choice lock नहीं करते हैं तो उनका choice निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के तुरंत बाद स्वत: Lock हो जायेगा । अंतिम तिथि उपरांत choice में किसी प्रकार के बदलाव का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये choices का Print-out निकाल कर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।

**<u>नोट :</u> Choice Locking एवं Unlocking की प्रक्रिया OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।**

(6) अगर कोई अभ्यर्थी online Mop-up Counselling हेतु उक्त प्रक्रिया अनुसार नया Choice filling या Consent / Willingness देने की प्रक्रिया पूरा नहीं करते हैं तो वे इस online Mop-up Counselling के लिए पात्रता प्राप्त नहीं होंगे।

(7) अंतिम रूप से भरे गये Choices की List (सूची) Seat Allotment से पूर्व अभ्यर्थी के पंजीकृत email ID पर email के माध्यम से भेजी जाएगी।

(8) यह Online Mop-up Counselling BCECE-2026 के आधार पर B.Tech पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु अन्तिम कॉउन्सेलिंग होगा, इसके उपरान्त B.Tech पाठ्यक्रम का नामांकन समाप्त हो जायेगा।

(9) वैसे सभी अभ्यर्थी का, जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक Choice Filling किया है, मेधा-सह-विकल्प के आधार पर Online Seat Allotment किया जायेगा।

(10) **अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन Result देखने हेतु निर्धारित तिथि से अपने Account में login कर अपना सीट आवंटन result देख सकते हैं।**

(11) **BCECE(Engg.)-2026 के लिए Online Mop-up Counselling से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;**

| Sl. | Time Schedule | | Date & Time |
|---|---|---|---|
| i. | **Seat Matrix** posting for online Mop-up Counselling on website .......................... | : | **31.08.2026** |
| ii. | **Starting date** of Consent / Willingness-cum-Choice filling for seat allotment ...... | : | **02.09.2026** |
| iii. | **Last date** of Consent / Willingness-cum-Choice filling for seat allotment & Locking .......................................................................................... | : | **07.09.2026** |
| iv. | **Mop-up Counselling provisional Seat Allotment Result publication date** ...... | : | **11.09.2026** |
| v. | Downloading of Allotment Order (Mop-up Counselling) .................................... | : | **11.09.2026 to 14.09.2026** |
| vi. | **Document Verification and Admission** (Mop-up Counselling) .......................... | : | **13.09.2026 to 14.09.2026** |

(12) **इन्टरनेट व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।**

(13) Counselling के समय BCECE-2026 के सभी पात्रता प्राप्त अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्र / दस्तावेज एवं एक-एक स्वसत्यापित फोटो प्रति के साथ लाना अनिवार्य है।

- (i) इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश-पत्र, (ख) अंक-पत्र तथा (ग) औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र।
- (ii) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश-पत्र, (ख) अंक-पत्र तथा (ग) औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।
- (iii) बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 के प्रवेश-पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छः अतिरिक्त प्रतियाँ ।
- (iv) जाति प्रमाण-पत्र ।
- (v) आय प्रमाण-पत्र ।
- (vi) आवासीय प्रमाण-पत्र ।
- (vii) चरित्र प्रमाण-पत्र ।
- (viii) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ-1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जो लागू हों, यथा- सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) हेतु विवरण पुस्तिका के अनुसार प्रमाण-पत्र आदि तथा विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विवरण पुस्तिका के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र आदि।

  आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवार के लिये आवश्यक है कि वह अपने मूल आवास के अंचलाधिकारी / राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र, जिसमें उसकी जाति और उसके अनुसार उसकी आरक्षण कोटि का यथा स्थान अवश्य उल्लेख हो, को साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करे । उम्मीदवार द्वारा जमा किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र में उल्लिखित आरक्षण कोटि वही होनी चाहिये जो बी.सी.ई.सी.ई.-2026 में सम्मिलित होने के लिये निर्गत उसके प्रवेश पत्र में उल्लिखित हो।
- (ix) Copy of Aadhar Card
- (x) BCECE-2026 के लिए online किये गये Application (Confirmation Page) की Hard Copy.
- (xi) Rank Card of BCECE-2026
- (xii) Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloaded alongwith Biometric Form in one copy साक्षात्कार / Document Verification के समय साथ लाना अनिवार्य है।

(14) कॉउन्सेलिंग / Document Verification की तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता [विवरण पुस्तिका की कंडिका-13.5(क)/ 14.4(क)/ 15.4(क)] के अनुसार उत्तीर्णता आवश्यक है अन्यथा वे नामांकन के हकदार नहीं होंगे।

(15) **अगर अभ्यर्थी को Mop-up Counselling में कोई सीट आवंटन होता है तो, अभ्यर्थी पर्षद के website पर उपलब्ध Link "Online Counselling Portal of BCECE(Engg.)-2026" पर click करते हुए अपने Account में Login कर Provisional Allotment Order download करेंगे तथा Provisional Allotment Order पर छपे हुए Reporting Centre पर निश्चित रूप से report कर अपना Document Verification करायेंगे एवं निर्धारित अवधि में नामांकन लेंगे, अन्यथा उनका उक्त आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।**

(16) **वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की Online Counselling द्वारा किसी संस्थान में नामांकित है, परंतु इस Mop-up Counselling में भी उनका आवंटित सीट यानि Colleges एवं Branch Retain (अर्थात कोई बदलाव नहीं हुआ) रह जाता है तो वैसी स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः Document Verification हेतु Reporting Centre पर जाने की आवश्यकता नहीं है। वे यथावत नामांकित रह जायेंगे, परन्तु यदि कोई बदलाव संस्थान अथवा ब्रांच में होता है तो उनके लिए कंडिका-15 लागू होगा।**

**परीक्षा नियंत्रक**